# दूध में मिलावट की तलाश में निकली खाद्य सुरक्षा टीम, जांचे कई नमूने

## दूध की जांच का 'ट्रिपल टी' अभियान, डेयरियों से फेरीवालों तक परखी शुद्धता

**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर।** शहर में दूध की गुणवत्ता को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग ने जांच अभियान तेज कर दिया है। 'ट्रिपल टी – जांच से विश्वास' अभियान के तहत विभाग की टीम ने मंगलवार को विभिन्न डेयरी प्रतिष्ठानों और दूध विक्रेताओं के यहां पहुंचकर मौके पर ही दूध के नमूनों की त्वरित जांच की। जांच के दौरान प्रथम दृष्टया किसी भी नमूने में मिलावट सामने नहीं आई.



खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने चलित खाद्य सुरक्षा प्रयोगशाला के माध्यम से श्री कृष्णा दूध डेयरी, एम्पायर रेजिडेंसी, वृंदावन डेयरी, बिजौली मर्दाना रोड, पिपलियाहाना, फार्मर्स मिल्ककार्ट, बृजेश्वरी, पिपलियाहाना, श्री जी दूध डेयरी, शीतल नगर, कृष्णा मिल्क सेंटर, गंगा देवी नगर और महावीर दूध डेयरी, एमआर–10 सहित विभिन्न स्थानों पर दूध की जांच की। इसके अलावा 8 से 10 फेरी लगाकर दूध बेचने वाले विक्रेताओं के दूध के नमूनों की भी मौके पर जांच की गई।

### जांच के तरीकों की जानकारी दे रहे

खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से चलित प्रयोगशाला के माध्यम से आम लोगों को भी खाद्य पदार्थों की घरेलू स्तर पर जांच के आसान तरीकों की जानकारी दी जा रही है. विभाग का कहना है कि 'ट्रिपल टी' अभियान के जरिए जांच, सुधार और जागरूकता को एक साथ जोड़कर उपभोक्ताओं में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के प्रति भरोसा बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है.

अभियान के तहत अब त्वरित दूध जांच किट को भी जांच प्रक्रिया में शामिल किया गया है। इससे दूध की कुछ महत्वपूर्ण गुणवत्ता संबंधी जांच मौके पर ही की जा सकती है। विभाग के अनुसार इस तरह की जांच का उद्देश्य केवल मिलावट पकड़ना नहीं, बल्कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता में मौजूद कमियों की पहचान कर उनमें सुधार करवाना भी है. खाद्य अधिकारी मनीष स्वामी के मुताबिक मौके पर की गई त्वरित जांच प्राथमिक प्रकृति की होती है. आवश्यकता पड़ने पर नियमानुसार नमूने लेकर उनकी विस्तृत जांच प्रयोगशाला में कराई जाएगी.

## सुप्रीम कोर्ट सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** आज शहर के सिटी बस ऑफिस में सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक होगी. समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे द्वारा सुबह 11 बजे बैठक ली जाएगी. बैठक में इंदौर जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा दुर्घटनाओं के कारण होने वाली जनहानि को रोकने के संबंध में चर्चा की जाएगी. बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों की समीक्षा कर आवश्यक निर्णय एवं प्रभावी कार्यवाही करने पर निर्देश भी दिए जाएंगे.

# ब्रेक लगाते ही सड़क पर गिरे 3 छात्र, पीछे से आए वाहन ने एक को कुचला

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** एबी रोड पर अपना स्वीट्स के सामने तीन छात्र सड़क हादसे का शिकार हो गए. बाइक के सामने अचानक एक वाहन आने पर चालक ने ब्रेक लगा दिए, जिससे तीनों सड़क पर गिर गए. इसी दौरान पीछे से आए अज्ञात वाहन का पहिया एक छात्र के ऊपर से गुजर गया, हादसे में उसकी मौत हो गई.

**हादसे में एक 20 वर्षीय छात्र की मौत**

किशनगंज थाना प्रभारी अमित कुमार ने नव भारत को बताया कि मृतक अथर्व पिता अमित कटाने उम्र 20 साल निवासी चंदन नगर, छिंदवाड़ा था. वह मेडिकैप्स कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था. सोमवार शाम वह दो अन्य छात्रों के साथ बाइक से भोजन करने निकला था. इसी दौरान अपना स्वीट्स के सामने उनकी बाइक के सामने अचानक कोई वाहन आने के कारण बाइक चालक ने तेजी से ब्रेक लगाए. इससे तीनों छात्र बाइक से नीचे गिर गए. अथर्व सड़क की ओर गिरा, जबकि उसके दोनों साथी दूसरी तरफ जा गिरे. इसी दौरान पीछे से आ रहे किसी वाहन का पहिया अथर्व के ऊपर से निकल गया. हादसे में उसकी मौत हो गई. अथर्व ने हेलमेट पहन रखा था, लेकिन गिरने के दौरान हेलमेट सिर से निकलकर दूर जा गिरा. घटना की सूचना उसके परिजनों को दे दी गई है. पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है और टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी है.

# मोडिफाइड साइलेंसर वालों पर अब होगी ज्यादा सख्ती, फोटो से भी कटेगा चालान

## रॉन्ग साइड, रेड लाइट जंप और मोबाइल पर बात करने वालों की भी खेर नहीं

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** यातायात नियम तोड़कर मौके से निकल जाना अब वाहन चालकों को भारी पड़ सकता है. चौराहों पर तैनात यातायात पुलिसकर्मी नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की फोटो क्लिक कर रहे हैं, जिसके आधार पर बाद में भी चालान किया जाएगा. वहीं तेज आवाज वाले मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर चलने वाली बुलेट समेत अन्य वाहनों पर भी कार्रवाई शुरू कर दी गई है.

मंगलवार को पुलिस उपायुक्त (क्राइम एवं यातायात) राजेश कुमार त्रिपाठी ने शहर के प्रमुख चौराहों का निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था का जायजा लिया. घंटाघर चौराहे पर उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर सख्ती से कार्रवाई के निर्देश दिए. जिसमें यातायात पुलिस की नजर खासतौर पर रॉन्ग साइड वाहन चलाने, रेड लाइट जंप करने, वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल करने और लेफ्ट टर्न बाधित करने वालों पर विशेष तौर पर रखी जाए, साथ ही वाहनों में निर्धारित मानकों से अलग साइलेंसर लगाने वालों की भी जांच की जा रही है. पुलिस उपायुक्त ने बताया कि फोटो और ड्रोन के जरिए निगरानी से ऐसे वाहन चालकों पर भी कार्रवाई संभव होगी, जो पुलिसकर्मी को देखकर मौके से निकल जाते हैं. यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से निर्धारित साइलेंसर का इस्तेमाल करने के साथ रेड लाइट, लेफ्ट टर्न और रॉन्ग साइड के नियमों का पालन करने की अपील की जा रही है.



### फोटो और ड्रोन से निगरानी...

चौराहों पर पुलिसकर्मी यातायात व्यवस्था संभालने के साथ नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की फोटो भी ले रहे हैं. फोटो में वाहन का नंबर स्पष्ट होने पर संबंधित वाहन के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जाएगी. इसके अलावा प्रमुख चौराहों पर ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है.

# बायपास पर 12 .72 ग्राम एमडी के साथ धार का युवक गिरफ्तार

## संदिग्धों की तलाशी के दौरान पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** लसूड़िया पुलिस ने धार निवासी एक युवक को एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है. पुलिस द्वारा एनआरआई कॉलोनी रोड, अरंडिया बायपास पर की जा रही संदिग्धों की तलाशी के दौरान पकड़े गए इस युवक के पास से 12.72 ग्राम एमडी बरामद हुई. इसकी कीमत करीब 30 हजार रुपए बताई गई है.



लसूड़िया पुलिस की टीम सोमवार 31 अगस्त को क्षेत्र में संदिग्धों की निगरानी और तलाशी कर रही थी. इसी दौरान अजय पिता बलराम पाटीदार उम्र 23 साल निवासी ग्राम दत्तीगारा, तहसील बदनावर, जिला धार पुलिस के हाथ लगा. तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एमडी ड्रग्स मिली. पुलिस ने नशीला पदार्थ जब्त कर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. उसे न्यायालय में पेश करने के बाद पुलिस रिमांड पर लिया गया है. मामले में एडिशनल डीसीपी अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपी से पूछताछ में ड्रग्स के स्त्रोत और उससे जुड़े लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है. पुलिस यह भी पता लगा रही है कि आरोपी इससे पहले कितनी बार मादक पदार्थ की सप्लाई कर चुका है. पूछताछ में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों पर भी कार्रवाई की जाएगी.

## युवक का ईंट से सिर फोड़ा

**इंदौर .** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में घर के बाहर लोडिंग वाहन खड़ा करने को लेकर हुए विवाद में तीन बदमाशों ने युवक पर हमला कर दिया. आरोपियों ने पहले वाहन में तोड़फोड़ की और विरोध करने पर ईंट से युवक के सिर पर वार कर दिया. तेजपुर गड़बड़ी निवासी विनोद वर्मा का लोडिंग वाहन घर के बाहर खड़ा था. इसी बात को लेकर साहिल परमार, छोटू परमार और नितिन उर्फ डमरू जाधव वहां पहुंचे और वाहन में तोड़फोड़ करते हुए गाली गलौज करने लगे. विनोद ने इसका विरोध किया तो विवाद बढ़ गया. आरोप है कि साहिल ने पास पड़ी ईंट उठाकर विनोद के सिर पर मार दी, जिससे वह घायल हो गया. इसके बाद नितिन और छोटू ने उसके साथ लात–घूंसों से मारपीट की. शोर सुनकर विनोद की पत्नी शकुंतला मौके पर पहुंचीं तो आरोपियों ने उनके साथ भी धक्का मुक्की की. घटना के बाद तीनों आरोपी दोबारा वाहन खड़ा करने पर जान से खत्म करने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए.

# पारिवारिक कारणों से पुलिस अधिकारी ने मांगा वीआरएस

**इंदौर.** जोन 4 के डीसीपी ने पारिवारिक कारणों का हवाला देकर समय से पहले पुलिस सेवा से अलग होने के लिए शासन को आवेदन दिया था. राज्य शासन ने आवेदन मंजूर कर लिया है. सोमवार रात भोपाल से जारी आदेश के बाद उन्हें स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की अनुमति संबंधी आदेश मिल गया.

जोन 4 डीसीपी सुनील मेहता ने 1 जून 2026 को शासन को पत्र भेजकर स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति देने का अनुरोध किया था. उन्होंने आवेदन में 31 अगस्त तक अनुमति दिए जाने की मांग की थी. शासन की मंजूरी के बाद अब उनकी पुलिस सेवा से विदाई की प्रक्रिया पूरी हो गई है. पुलिस विभाग के आदेश में कहा गया है कि स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के बाद एक वर्ष तक वे किसी भी व्यावसायिक पद पर नियुक्त नहीं हो सकेंगे. बताया गया है कि उनकी सेवा अवधि अभी दो साल से अधिक बची हुई थी.

**सेवाकाल के दो साल से अधिक थे बाकी**



# हंसदास मठ पर इस बार कृष्ण जन्माष्टमी पर बनेगी मनोहारी झांकियां

**इंदौर.** एरोड्रम रोड, पीलिया खाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर जन्माष्टमी का महापर्व शुक्रवार, 4 सितम्बर को हंस पीठाधीश्वर महंत रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सानिध्य में धूमधाम से मनाया जाएगा. मठ स्थित भगवान रणछोड़जी का नारायण स्वरूप में श्रृंगार तो होगा ही, आकर्षक झांकियां भी भक्तों को देखने को मिलेगी. मठ पर जन्माष्टमी महोत्सव के उपलक्ष्य में रंगारंग मेला भी लगा हुआ है जिसमें बच्चों के लिए बड़े एवं छोटे झूलों सहित अनेक आकर्षण मौजूद हैं.

जन्माष्टमी महोत्सव के लिए मठ पर इस बार दो दिवसीय महोत्सव मनाया जाएगा जिसमें भगवान कृष्ण के मथुरा कारागृह में जन्म और जन्म के पूर्व वासुदेव एवं देवकी को भगवान द्वारा चारभुजा के रूप में दर्शन देने के साथ ही यमुना पार करते हुए झांकी भी आकर्षक विद्युत एवं पुष्प सज्जा से श्रृंगारित रहेगी. इसके साथ ही वासुदेव और देवकी नन्हे कृष्ण को लेकर यमुना पार करते हुए नजर आएंगे वहीं एक अन्य झांकी में भगवान की रासलीला और यमुना नदी में कालियादेह नाग के मर्दन की झांकी भी इस बार मथुरा–वृन्दावन से आए कलाकारों द्वारा बनाई जा रही है. मठ पर इन दिनों भादौ मास के उपलक्ष्य में झूलन लीला भी आयोजित की जा रही है. इसके अलावा मठ परिसर में बच्चों के मनोरंजन के लिए बड़े एवं छोटे झूले, चकरी झूले तथा मनोरंजन के अन्य साधनों सहित मेला भी चल रहा है जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में सपरिवार आकर आनंद ले रहे हैं. मठ पर बन रही झांकियों को आम भक्तों के लिए इस बार 3 सितम्बर से ही दर्शनार्थ खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं.

## गीता भवन पर सुबह से मध्य रात्रि तक विभिन्न कार्यक्रम

**इंदौर .** मनोरमागंज स्थित गीता भवन पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के महापर्व पर 4 सितम्बर को सुबह से लेकर मध्य रात्रि तक विभिन्न सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई है. ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन, मंत्री रामविलास राठी एवं मनोहर बाहेती ने बताया कि वाराणसी से स्वामी कृष्णगिरि सरस्वती जन्माष्टमी के दिन सुबह 9 से 10 बजे तक और शाम 5 .30 से 6 .30 बजे तक भगवान की लीलाओं पर विशेष प्रवचनों की अमृत वर्षा करेंगे. इस अवसर पर भगवान के बाल स्वरुप, चतुर्भुज अवतार एवं श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर आधारित विशिष्ट झांकियों के दर्शन भी शाम 6 बजे से होंगे तथा उसके पूर्व दिनभर भजन–संकीर्तन के बाद रात 8 बजे से 11 .30 बजे तक प्रसाद वितरण और रात्रि ठीक 12 बजे भव्य महाआरती होगी. आम श्रद्धालु गीता भवन में इन सभी उत्सवों और झांकियों का पुण्य लाभ रात 12 .30 बजे तक ले सकेंगे.

# जिन्दगी की किताब माता–पिता के सामने खुली रखना चाहिए

**इंदौर.** दुनिया को धोखा दिया जा सकता है लेकिन अपनी आत्मा और परमात्मा को नहीं. माता–पिता और गुरु के सामने झूठ, छल–कपट या कोई भी महत्वपूर्ण बात छिपाना नहीं चाहिए. मन में कोई गलत विचार अथवा समस्या हो तो उसे पूरे विश्वास के साथ साझा करना चाहिए. दान के लिए बड़ी धनराशि की नहीं अपितु निर्मल भाव और अपनी सामर्थ्य के अनुसार त्याग का संकल्प होना आवश्यक है. सच्चा वैराग्य किन्तु–परन्तु अथवा बहाने नहीं बनाता बल्कि ईमानदारी से उस मार्ग की खोज करता है. अपनी जिन्दगी की किताब हमें अपने माता–पिता के सामने हमेशा खुली रखना चाहिए.



ये विचार हैं राष्ट्रसंत मुनि पुंगव सुधासागर महाराज के, जो उन्होंने सकल दिगम्बर जैन धर्म प्रभावना समिति के तत्वावधान में वीआईपी रोड स्थित किला मैदान, दलाल बाग परिसर में निर्मित विद्या–सुधा मंडप में चल रहे चातुर्मास महोत्सव की धर्मसभा में व्यक्त किए. सभा का शुभारंभ मंगलाचरण एवं पाद प्रक्षालन के साथ हुआ. प्रारम्भ में आयोजन समिति की ओर से चक्रवर्ती अध्यक्ष नवीन–शिवानी गोधा, सामाजिक संसद के अध्यक्ष आनंद–अंतिका गोधा, महामंत्री हर्ष–तृप्ति जैन, मनीष–सपना गोधा एवं आकाश–दीपिका जैन कोयला आदि ने देशभर से आए साधकों की अगवानी की. मंत्री तुलसी सिलावट ने भी राष्ट्रसंत से शुभाशीर्वाद प्राप्त कर राज्य शासन की ओर से उनका अभिनन्दन किया. इस अवसर पर महोत्सव समिति के अध्यक्ष अशोक डोसी, विजय पाटोदी, हुकमचंद जैन काका, संजय पाटोदी, प्रिंसपाल टोंग्या, भूपेंद्र भोपाली एवं अन्य सहयोगी बंधुओं ने सभा की व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया. राहुल सेठी ने बताया कि दलाल बाग पर पर्यूषण महापर्व पर 15 सितम्बर से होने वाले श्रावक संस्कार शिविर के प्रति देशभर के साधकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है.

**एक नजर में** | **अहिल्या उत्सव समिति द्वारा लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन**

# लोक नृत्य की खूबसूरत प्रस्तुतियों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

**इंदौर.** काल्यो कूद पड़ा मेला में, केसरिया बालम पधारो म्हारे देश जैसे लोकगीतों के बोलों पर अहीर, गोंधल, बिहू, बुंदेलखंडी राजस्थान का कालबेलिया, उड़ीसा का संबलपुरी ,टिपणी, कालबेलिया ,राजस्थानी, उत्तराखंड, निमाड़ का गणगौर, मालवा की मटकी लोक नृत्य करते विभिन्न स्कूलों के बच्चे आज अहिल्या उत्सव समिति द्वारा आयोजित लोक नृत्य प्रतियोगिता में अपनी प्रस्तुतियां दे रहे थे. इसमें मराठी समाज इंदूर की भी सहभागिता रही.

माई मंगेशकर हॉल सपना संगीता रोड लोहा मंडी पर आयोजित इस प्रतियोगिता में जहां एक ओर राजस्थानी नृत्यों की धूम रही और बुंदेलखंड का अहीर लोक नृत्य का जलवा देखने को मिला तो निमाड़ का गणगौर नृत्य खूबसूरत बन पड़ा था. राजस्थान का कालबेलिया नृत्य में विद्यार्थियों द्वारा दिखाई गई विभिन्न भाव प्रबल मुद्राएं सबको आकर्षित करती रहीं. वहीं महाराष्ट्रीयन गोंधल लोक नृत्य ने धमाल मचाया. प्रतियोगिता प्रमुख सुधीर देड़गे, प्रकाश पारवानी एवं संयोजक प्रशांत बडवे अपर्णा भावे मीनू पोतनीस ने बताया कि उत्तराखंड के लोक नृत्य में सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया. वहीं जब निमाड़ का गणगौर प्रारंभ हुआ तो सभी दर्शक निमाड़ से अपने आप को कनेक्ट कर पा रहे थे. सुनील धर्माधिकारी शिल्पा दिक्षित समीर पांनसे ने बताया कि उत्सव समिति द्वारा लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें कुल 22 विद्यालयों के 450 से भी अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया. निर्णायक दमयंती भाटिया एवं निवेदिता पांड्या थी। वही प्रतियोगिता में 7 संस्थागत समूह ने भी हिस्सा लिया.



### इनको किया पुरस्कृत...

नितिन तापड़िया एवं राम मूंदडा ने बताया कि प्रथम पुरस्कार लोकमान्य विद्या निकेतन अहीर नृत्य द्वितीय एमराल्ड हाईट गोंधल तृतीय पुरस्कार एनी बेसेंट स्कूल के खजूर नृत्य को प्राप्त हुआ वही प्रोत्साहन पुरस्कार भवंस प्रॉमिनेंट एकायाना बाल विनय मंदिर लैसेजेस स्कूल को प्राप्त हुआ वही संस्थागत समूह में मयूरी डांस स्टूडियो को प्रथम एवं युवंशी नृत्य साधना केंद्र एवं नित्य आराधना अकादमी को प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त हुए. अतिथि के रूप प्रसिद्ध समाजसेवी नरेंद्र फंणसे एवं डॉक्टर प्रमोद नीमा भी शामिल हुए. संचालन शिल्पा दीक्षित ने किया. आभार सचिव सरयू वाघमारे ने माना.

**एक नजर में**

## पूर्व मुख्यमंत्री गंगवाल का जन्मदिन प्रदेशव्यापी मनाएंगे



**इंदौर .** देशभक्त पूर्व मुख्यमंत्री मध्यभारत का 7 अक्टूबर को जन्मदिन प्रदेशव्यापी मनाने हेतु देशभक्ति जागरण समिति, विश्व जैन संगठन प्रदेश, उतराधिकारी स्वतंत्रता सेनानी संगठन के अध्यक्ष व पदाधिकारिओं ने आज जैन कालोनी में आचार्य सुनील सागर महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद लिया. कैलाश वेद पूर्व अध्यक्ष दिगंबर जैन समाज इंदौर, देशभक्ति जागरण समिति इंदौर अध्यक्ष नरेन्द्र गंगवाल, पूर्व मंत्री दिलीप राजपाल, मयंक जैन, अजीत विश्नार, जानकी लाल पटेरिया, अब्दुल गफ्फार खान आदि उपस्थित थे.

## एलआयसी ने किया नाईक का सम्मान




**इंदौर .** भारतीय जीवन बीमा निगम के स्थापना के 70 वर्ष पूर्ण होने पर हुए एक अनौपचारिक कार्यक्रम में रक्तदान सेवाओं के साथ ही सामाजिक संदर्भ के विभिन्न सार्थक प्रकल्पों हेतु ऑन पेपर रिकॉर्ड होल्डर रक्तदीप दीपक विभाकर नाईक को सम्मानित किया गया. ये सम्मान उन्हें एल.आय.सी के वरिष्ठ शाखा प्रबन्धक आशुतोष शर्मा ने प्रदान किया. उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व भी दीपक नाईक देश–विदेश की विभिन्न संस्थाओं से सम्मानित हो चुके है. मध्यप्रदेश में ऑन पेपर सर्वाधिक बार रक्तदान का रिकॉर्ड भी उनके नाम पर है.

## खजराना गणेश को सवा लाख मोदक का भोग लगेगा

**इंदौर .** खजराना स्थित सिद्धि विनायक गणेश मंदिर पर इस बार भी खजराना गणेश को भक्त मंडल की ओर से सवा लाख मोदक का प्रसाद समर्पित किया जाएगा।गणेशोत्सव इस बार चूँकि 12 दिनों तक मनाया जाएगा इसलिए भक्त मंडल ने बारह दिनों तक प्रतिदिन खजराना गणेश को अलग–अलग किस्म के अनाज के लड्डुओं का भोग समर्पित करने की व्यवस्था की है. श्री सिद्धि विनायक भक्त मंडल के अरविंद बागड़ी, कैलाश पंच, पार्षद पुष्पेन्द्र पाटीदार एवं नेमीचंद पाटीदार ने बताया कि मंदिर की परम्परा के अनुरूप भक्त मंडल की ओर से पहले दिन सवा लाख मोदक का भोग समर्पित करने के बाद प्रतिदिन अलग–अलग किस्म के अनाज के लड्डुओं का भोग भी समर्पित किया जाएगा। मूंग, उड़द, चावल, चंवला, चना, ज्वार, बाजरा, गेंहू, सूखे मेवे, पंचमेवा सहित प्रतिदिन संध्या को खजराना गणेश को अलग–अलग लड्डुओं का भोग भी पूरे बारह दिनों तक लगाया जाएगा. ।भक्तों के बीच पहले दिन मोदक प्रसाद के वितरण के लिए भक्त मंडल के 20 कार्यकर्ता अपनी सेवाएँ देंगे. मंदिर के प्रमुख पुजारी पं. अशोक भट्ट एवं पं. उदित भट्ट ने बताया कि वैदिक मंगलाचरण के बीच बारह दिवसीय गणेशोत्सव का शुभारम्भ कलेक्टर एवं मन्दिर प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष शिवम वर्मा तथा निगमायुक्त एवं मंदिर के प्रशासक क्षितिज सिंघल द्वारा 14 सितम्बर को सुबह 10 बजे ध्वजा पूजन के साथ किया जाएगा.

## 14 वर्षीय सानिका की पहली कविता पुस्तक प्रकाशित



**इंदौर .** शहर की 14 वर्षीय छात्रा और उभरती कवयित्री सानिका एस. शर्मा की पहली प्रकाशित कविता पुस्तक विस्पर्स ऑफ वंडर्स अगस्त 2026 में बुकलीफ पब्लिशिंग से प्रकाशित हुई है. सानिका कक्षा 9वीं की छात्रा हैं और कम उम्र में ही लेखन एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं. पुस्तक में सानिका ने प्रकृति, भावनाओं, रोजमर्रा के जीवन और आसपास की छोटी–छोटी खूबसूरत चीजों को कविताओं के माध्यम से अभिव्यक्त किया है. पुस्तक की प्रमुख रचनाओं में 'द ट्री सागा' विशेष रूप से उल्लेखनीय है. इस रचना में एक पेड़ की जीवन–यात्रा को बीज से लेकर जड़ों, तने, शाखाओं, पत्तियों, फूलों और फलों तक काव्यात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया है. इसके माध्यम से प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और पर्यावरण से जुड़ाव का संदेश दिया गया है. कम उम्र में अपनी कविताओं को पुस्तक का रूप देने वाली सानिका का कहना है कि व्यस्त जीवन में लोग अक्सर अपने आसपास मौजूद छोटी–छोटी खूबसूरत चीजों को देखना भूल जाते हैं. उनकी कविताएं पाठकों को कुछ पल रुककर प्रकृति और अपने आसपास की दुनिया को महसूस करने की प्रेरणा देती हैं. सानिका को साहित्यिक विरासत अपने परिवार से भी मिली है।उनके परनाना नटवरलाल स्नेही प्रतिष्ठित हिंदी कवि, 'गांधी मानस' महाकाव्य के रचयिता और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे. सानिका के पिता सिद्धार्थ शर्मा वैल्यूर एवं इंजीनियर हैं, जबकि उनकी माता पूनम शर्मा कंस्ट्रक्शन कारोबार से जुड़ी हुई हैं. परिवार के सहयोग और प्रोत्साहन ने सानिका की रचनात्मक प्रतिभा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है.

## विचार, भाव और कर्म ही कर्मबंधन का कारण



**इंदौर .** संकल्पमय चातुर्मास–2026 के अंतर्गत एयरपोर्ट रोड स्थित नरसिंह वाटिका में अनुष्ठान आराधिका साध्वी डॉ. कुमुदलता महाराज साहब के सान्निध्य में आयोजित धर्मसभा में कर्म सिद्धांत, जीवन की सार्थकता और अर्थ–अनर्थ पर संतों ने प्रेरणादायी संदेश दिए. धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने संतों के दर्शन एवं प्रवचन का लाभ लिया. साध्वी राजकीर्ती ने अपने प्रवचन में जीवन की यात्रा को समझाते हुए कहा कि जहां जन्म से जीवन की शुरुआत होती है, वहीं मृत्यु पर इस जीवन की पूर्णता होती है. साध्वी महाप्रज्ञाजी ने भावपूर्ण भजन प्रस्तुत किया. अनुष्ठान आराधिका साध्वी डॉ. कुमुदलताजी ने कर्मदान के विषय पर चर्चा को आगे बढ़ाते हुए समझाया कि कर्म कैसे बंधते हैं और उन्हें तोड़ने का मार्ग क्या है. उन्होंने कहा कि मनुष्य के विचार, भाव और कर्म ही उसके कर्मबंधन का कारण बनते हैं. यदि व्यक्ति अपने व्यवहार और भावनाओं में जागरूकता लाए तथा क्रोध, लोभ, मोह आदि विकारों पर नियंत्रण करे तो कर्मबंधन को कम करने की दिशा में आगे बढ़ सकता है. धर्म, संयम और आत्मचिंतन कर्मनिर्जरा का मार्ग प्रशस्त करते हैं. आज तपस्विनी बहन सरोज भटेवरा के 36 वे मासखमन के 36 उपवास की पूर्णाहुति हुई. संचालन जिनेश्वर जैन ने किया.

## ट्रैफिक नियम उल्लंघन पर 4500 का चालान, वाहन भी जब्त

**इंदौर .** यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों पर ट्रैफिक पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है. हुकुमचंद घंटाघर चौराहे पर चेकिंग के दौरान मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चला रहे एक युवक ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया. कार्रवाई में उसका 4500 रुपए का चालान किया गया और वाहन जब्त कर लिया. चेकिंग के दौरान पुलिस ने युवक को मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाते देखा. रोकने का प्रयास करने पर उसने निकलने की कोशिश की. पुलिस के रोकने के बाद भी वह मोबाइल पर बात करता रहा और निर्देशों की अनदेखी की. जांच में उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं मिला, जबकि वाहन का इंश्योरेंस भी नहीं था. पुलिस ने बिना लाइसेंस वाहन चलाने पर 1000 रुपए, वाहन चलाते समय मोबाइल इस्तेमाल करने पर 1000 रुपए और इंश्योरेंस नहीं होने पर 1000 रुपए का चालान किया. इसके अलावा हेलमेट संबंधी उल्लंघन और पुलिस के निर्देश नहीं मानने पर 500 रुपए सहित अन्य कार्रवाई की गई. 4500 रुपए का चालान करने के साथ वाहन भी जब्त कर लिया गया. यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने अब ड्रोन कैमरों से निगरानी शुरू की है.